## न्यूज डायरी



### बांग्लादेश के बाद अब मालदीव पर डोरे डाल रहे इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भारत के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में इस्लामिक देशों का एक अनौपचारिक गुट बनाए जाने की पाकिस्तानी चाल को विफल करने वाले मालदीव को मनाने में जुट गए हैं। इमरान खान ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह के साथ फोन पर बात की है और उनसे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की गुहार लगाई है। इससे पहले इमरान खान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीन को भी फोन कर चुके हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान ने मालदीव से संबंधों को मजबूत करने की गुहार लगाई। उधर, सोलिह की ओर से जारी बयान मे कहा गया है कि कोरोना वायरस को लेकर उनकी इमरान खान से बातचीत हुई। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत ऐसे समय पर हुई जब मालदीव ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ ओआईसी के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों का एक अनौपचारिक गुट बनाए जाने की पाकिस्तानी योजना को विफल कर दिया था।

### अमेरिका के बाल्टीमोर में गैस विस्फोट, एक महिला की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बाल्टीमोर। बाल्टीमोर में सोमवार को प्राकृतिक गैस विस्फोट होने से तीन 'रो–हाउस' पूरी तरह से तबाह हो गए और एक महिला की मौत हो गई। कम से कम छह घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में अब भी कई लोग फंसे हैं। कई दमकलकर्मी मलबे को हटाने तथा इसमें फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि चौथे 'रो–हाउस' की खिड़कियां दूसरे घरों में जा गिरी तथा सब ओर मलबा और कांच बिखर गया। क्षेत्र की निवासी डायना ग्लोवर ने कहा, ''यह तबाही थी। विश्वास नहीं हो रहा, मैं अब भी कांप रही हूं।'' दमकल विभाग की प्रवक्ता ने बताया कि छह लोगों को अस्पताल ले जाया गया और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट का कारण अभी पता नहीं चल सका है। दरअसल 'बाल्टीमोर गैस ऐंड इलेक्ट्रिक कंपनी' की हजारों मील लंबी पाइपलाइन जीर्ण–शीर्ण हो चुकी है और इसे बदलने की जरूरत है। अखबार के मुताबिक पाइपलाइन को बदलने में दो दशक का वक्त लगेगा।

### वाइट हाउस के बाहर फायरिंग, ट्रंप ने कहा– अब स्थिति नियंत्रण में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। वाइट हाउस के बाहर फायरिंग की घटना हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि वाइट हाउस के बाहर फायरिंग की सूचना मिली है। हालांकि, अब स्थिति नियंत्रण में है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने तुरंत ही कार्रवाई की, जिससे फायरिंग करने वाले शख्स को काबू में कर लिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि फायरिंग करने वाले शख्स को गोली लगी है। उसे अस्पताल ले जाया गया है। इसी के साथ ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को उनकी कार्रवाई के लिए धन्यवाद भी दिया।

### अब पाकिस्तान को चुकानी पड़ रही है कीमत, सऊदी अरब ने वापस मांगा कर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पिछले दिनों पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के सार्वजनिक तौर पर सऊदी अरब की आलोचना कर दी जिसके बाद पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान से उसे दिया गया 1 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने को कह दिया। साल 2018 में सऊदी ने पाकिस्तान को 3.2 अरब डॉलर का कर्ज दिया था, उसी में से यह हिस्सा मांग लिया गया। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि सऊदी ने पाकिस्तान से अब एक बिलियन डॉलर और चुकाने के लिए कहा है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पाकिस्तान और सऊदी के बीच संबंधों में दरार आ रहा है? कुरैशी के बयान के बाद पाकिस्तान से सऊदी ने 1 बिलियन डॉलर चुकाने को कहा था। पाकिस्तान ने यह राशि चुका दी लेकिन साथ ही अपनी मजबूरी भी बताई कि यह एक बड़ी राशि है।

# पूरी दुनिया को कोरोना वायरस वैक्सीन का इंतजार

**कोरोना टीका**

## चीन ने सबसे पहले अपने सैनिकों को कोरोना वायरस का टीका लगाना शुरू कर दिया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। दुनियाभर की सरकारें सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना वायरस का टीका लगाने पर विचार कर रही हैं। उधर, दक्षिण चीन सागर से लद्दाख तक दादागिरी दिखा रहे चीन ने सबसे पहले अपने सैनिकों को कोरोना का टीका लगाना शुरू किया है। पीपल्स लिबरेशन आर्मी की मदद से बनाई चीनी कोरोना वैक्सीन बड़े पैमाने पर सैनिकों को लगाई जा रही है। वह भी तब जब चीन की कोरोना वायरस वैक्सीन का तीसरे चरण ट्रायल चल रहा है। इसके नतीजे आने से पहले ही चीन ने सैनिकों को लगाना शुरू कर दिया है।




फाइनेंशियल टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक चीन में नागरिकों और सेना के लिए बनाई गई तकनीकों का एक–दूसरे के यहां इस्तेमाल आम बात है लेकिन राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समय में यह और बढ़ गया है। शी जिनपिंग ने चीनी सेना और नागरिकों के गठजोड़ का अभियान चलाया है और कोरोना वायरस ने इसे और बढ़ा दिया है। केनबरा में चाइना पॉलिसी सेंटर के डायरेक्टर एडम नी का कहना है कि चीनी सेना के अंदर जैविक और संक्रामक बीमारियों से लड़ने की काबिलियत है और चीनी नेता इसका पूरा फायदा उठा रहे हैं।

एडम ने कहा कि CanSino की कोरोना वायरस वैक्सीन को चीनी सेना के साथ मिलकर बनाया गया है। CanSino ने अपने टेस्टिंग और वैक्सीन बनाने की क्षमता के कारण विरोधियों अमेरिका की मॉडर्ना, फाइजर, क्योरवैक और अस्त्राजेनेका को काफी पीछे छोड़ दिया है। चीनी सेना की मेडिकल साइंस की चीफ चेन वेई ने CanSino की इस वैक्सीन को बनाने में मुख्य भूमिका निभाई है।

**डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक 21 में से 8 चीनी वैक्सीनः** चीनी मीडिया की मानें तो चीनी वैक्सीन को विकसित करने के लिए डॉक्टर चेन वेई की जमकर तारीफ हो रही है। हालांकि डॉक्टर चेन की इस वैक्सीन को बनाने में कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है। हालांकि इससे पहले उन्होंने कंपनी के लिए इबोला की वैक्सीन बनाई थी। यह एकमात्र ऐसी वैक्सीन नहीं है जिसे सफलता मिल रही है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक 21 में से 8 चीनी वैक्सीन हैं। चीनी सेना एक और वैक्सीन को बनाने में मदद कर रही है।

चीन के अलावा और कोई देश नहीं है जो कोरोना की प्रायोगिक वैक्सीन अपने सैनिकों को लगा रहा है। चीन में 741 गैर सैन्य शोधकर्ता पीएलए में काम कर रहे हैं। एडम कहते हैं कि चीनी सेना पर प्रायोगिक वैक्सीन का इस्तेमाल चीन के दुष्प्रचार का हिस्सा है।

चीन यह दिखाने का प्रयास कर रहा है कि चीनी सेना देश के लिए बलिदान देने को तैयार है। साथ ही इसका एक फायदा यह है कि अगर चीनी वैक्सीन काम नहीं करती है तो इसकी जानकारी किसी को नहीं हो पाएगी।

## अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर पहली बार फहराया जाएगा तिरंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में स्थित विश्व प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर पर भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन 15 अगस्त को तिरंगा फहराया जाएगा। न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और कनेक्टिकट के फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन की ओर से जारी बयान में तिरंगा फहराने का ऐलान किया गया। उन्होंने कहा कि बेहद खास मौके पर भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

ऐसा पहली बार होगा जब न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर तिरंगा फहराया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी ग्रुप ने राम मंदिर के भूमिपूजन के दौरान टाइम्स स्क्वायर पर खुलकर अपने खुशी का इजहार किया था। टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड तक पर राम मंदिर नजर आने लगा था। टाइम्स स्क्वायर के बिलबोर्ड दुनियाभर में काफी लोकप्रिय है। अयोध्या में राम मंदिर का जैसे ही पूजन हुआ, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड पर भगवान राम के साथ राम मंदिर दिखाया गया था। इससे पहले वॉशिंगटन डीसी में भारतीय समुदाय के लोग पारंपरिक कपड़ों में जश्न मनाते दिखे थे। यहां तक कि यूएस कैपिटोल हिल से वाइट हाउस तक रथयात्रा भी निकाली गई।



## दावा, बेरूत बंदरगाह पर मिसाइलों में हुआ था विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। लेबनान की राजधानी बेरूत के बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट के कारणों को लेकर अटकलों का दौर जारी है। इस बीच विस्फोटकों के एक विशेषज्ञ ने दावा किया है कि यह विस्फोट अमोनियम नाइट्रेट की वजह से नहीं बल्कि मिसाइलों या रॉकेट में विस्फोट की वजह से हुआ था। इटली के विस्फोटकों के जाने माने विशेषज्ञ डेनिलो कोप्पे ने दावा किया है कि यह विस्फोट जलती हुई मिसाइलों से हुआ था। कोप्पे के इस दावे बेरूत ब्लास्ट को लेकर अटकलें और ज्यादा तेज हो गई हैं। डायनामाइट के नाम से चर्चित डेनिलो कोप्पे ने कहा कि 4 अगस्त को हुए इस विस्फोट की वजह अमोनियम नाइट्रेट नहीं था। उन्होंने कहा कि विस्फोट के बाद निकले धुएं का रंग नारंगी था जो अमोनियम नाइट्रेट की वजह से नहीं होता है।

## ईस्ट चाइना सी में चीनी घुसपैठ से तनाव जापान ने दी सैन्य कार्रवाई की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तोक्यो। जापान ने पूर्वी चीन सागर में विवादित द्वीपों के पास चीन की मछली पकड़ने वाली नौकाओं की अवैध घुसपैठ पर चीन को गंभीर चेतावनी दी है। जापान ने कहा है कि चीन की नौकाओं की घुसपैठ का जवाब देने के लिए जापानी सेना पूरी तरह से तैयार है। जापान ने कहा कि अगर चीन ने मछली मारने वाली नौकाओं को दिआओयू द्वीप समूह के पास जाने की अनुमति दी या उन्हें उत्साहित किया तो इसे विवाद को भड़काने वाला कदम माना जाएगा।

उधर, विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के मछली मारने वाली जहाजों की संख्या 100 तक रहती है और चीनी कोस्ट गार्ड उन्हें समर्थन देते हैं तो जापानी सेना के लिए उन्हें जवाब देना काफी मुश्किल होगा। चीन ने जापान से कहा है कि उसका चीनी जहाजों पर बैन 16 अगस्त को खत्ष्म हो रहा है। चीन ने दावा किया है कि दिआओयू द्वीपों पर उसका अधिकार है और मछली मारने वाले जहाजों को रोकने का उसे हक नहीं है।

> चीन मछली मारने वाली नौकाओं को दिआओयू द्वीप न जाने दे

जापान के रक्षा मंत्री तारो कोनो ने कहा है कि सेना चीन की घुसपैठ का जवाब देने के लिए तैयार है। इससे पहले वर्ष 2016 में 72 चीनी जहाजों और चीनी कोस्ट गार्ड के 28 जहाजों ने चार दिनों तक इस इलाके में घुसपैठ की थी। पिछले 18 महीने से चीनी कोस्टगार्ड के जहाज लगातार जापान पर दबाव बनाए हुए हैं। जापान के बार–बार अनुरोध के बाद भी चीनी जहाज 111 दिन तक लगातार इस इलाके में मौजूद था।

विशेषज्ञों का कहना है कि चीन ईस्ट चाइना सी में जापानी कोस्घ्ट गार्ड की जगह लेना चाहता है जो इन दिआओयू द्वीपों की जगह लेना चाहता है। इसके जरिए चीन इन द्वीपों की सरकार को बदलना चाहता है। अगर चीन ऐसा करता है तो जापान के लिए बेहद मुश्किल होगा।

## वायरल हुआ पाकिस्तानी लोगों के पौधे उखाड़ने का ये वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को देश में सबसे बड़े वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। जिसके बाद सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर लोगों ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कुछ लोग पौधे उखाड़ते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री इमरान खान के आह्वान के बावजूद लोग लगाए गए पौधों को उखाड़ रहे हैं। सोशल मीडिया ये वीडियो तेजी से शेयर हो रहा, इसमें कहा जा रहा कि लोग प्रधानमंत्री के पौधे लगाने के फैसले का विरोध जता रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर पौधों को उखाड़ने के इस वायरल वीडियो को शेयर करने के साथ ही लिखा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस सप्ताह के अंत में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का आयोजन किया। हालांकि, चरमपंथियों को ये पसंद नहीं आया उन्होंने प्रधानमंत्री के महान प्रयासों पर हमला कर दिया। उन्होंने न केवल पौधों को उखाड़ फेंके, साथ ही दावा किया कि यह इस्लाम के खिलाफ है। इसके साथ ही यूजर ने लिखा है कि क्रेजी लोग! सभी धर्म हमें धरती माता की रक्षा करने का आह्वान करते हैं।